निदेशालय, क्षेत्रीय सेवायें

दिनाँक 08/01/2019को सम्पन्न बैठक का कार्यवृत्त

दिनांक 08/01/2018 को निदेशक, क्षेत्रीय सेवायें की अध्यक्षता में निदेशालय क्षेत्रीय सेवायें विभाग बैठक की सम्पन्न हुई जिसमें निम्नलिखित सदस्य एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

01.प्रोफेसर गिरिजा पाण्डे	–	निदेशक, निदेशालय, क्षेत्रीय सेवायें।
02. डॉ0 मोहम्मद अकरम	–	सहायक निदेशक
03.डॉ0 शालिनी चौधरी	–	सहायक निदेशक
04. डॉ0 गोपाल दत्त	–	समन्वयक
05. डॉ0 घनश्याम जोशी	–	समन्वयक
06. श्री फिरोज खाँ	–	कनिष्ठ सहायक
07. श्री हर्षवर्धन लोहनी	–	लेखाकार

बैठक की कार्यवाही आरम्भ करते हुये निदेशक क्षेत्रीय सेवायें ने सर्वप्रथम पुनर्गठित क्षेत्रीय सेवायें निदेशालय के नये सदस्यों का स्वागत किया। सदस्यों द्वारा अपना कार्यदायित्व संभालने की सूचना से निदेशक अवगत हुये।

निदेशक/अध्यक्ष ने सभी सदस्यों से अपेक्षा की कि क्षेत्रीय सेवाओं को बेहतर बनाने, पारदर्शिता लाने तथा समयबद्ध तरीके से प्रकरणों को निस्तारित किये जाने की प्रकिया शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित की जानी चाहिये। इसके लिये टैक्नोलॉजी का अधिकतम प्रयोग किया जाय, साथ ही अभिलेखों के डिजिटलाईजेशन की प्रक्रिया तत्काल आरम्भ की जाय।

निदेशालय क्षेत्रीय सेवायें के सुचारू रूप से संचालन हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाइट में पृथक से एक पेज/लिंक निदेशक, निदेशालय, क्षेत्रीय सेवायें के निर्देशन में बनाने का निर्णय लिया गया। जिसमे निदेशालय क्षेत्रीय सेवायें से जुडें क्षेत्रीय केन्द्र एवं अध्ययन केन्द्र से संबंधित समस्त सूचनाओं की जानकारी प्राप्त हो सके।

उक्त पेज/लिंक पर ऑनलाईन सूचना के साथ–साथ निदेशालय में सूचना से संबंधित सभी जानकारी की एक सॉफ्टकापी रखी जानी होगी।
उक्त पोर्टल की विषय वस्तु को तैयारकर विश्वविद्यालय के आई0सी0टी0 विभाग को पोर्टल तैयार करने हेतु दिया जाना होगा।
निदेशालय से जुडे सभी अध्ययन केन्द्रो के द्वारा उक्त पोर्टल पर शिक्षणार्थियों को दी जा रही परामर्श सेवा इत्यादि से जुडी सभी जानकारिंया उपलब्ध होगी, जिससे अध्ययन केन्द्रो को दिये जाने वाले अंशदान/ मानदेय इत्यादि के भुगतान में पारदर्शिता आ सके एवं उनको यथाशीध्र भुगतान किया जा सकें।
उक्त के अतिरिक्त विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिसूचना 23 जून, 2017 के अनुच्छेद 14(1,.2) के आलोक में अध्ययन केन्द्रो का परीक्षण कर उनकी पृथक पत्रावली तैयार की जायेगी जिसमे अध्ययन केन्द्रो से संबंधित सभी स्थापित नियमो की परीक्षण सूची भी रखी जायेगी।केन्द्रो का संचालन उक्त नियमों के आधार पर किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

निदेशक, क्षेत्रीय सेवायें द्वारा इस अपेक्षा से कि विनियम 2017 एवं विश्वविद्यालय क्षेत्रीय सेवायें नियमावली 2016 के प्रावधानों को कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा के साथ बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों को विनियम–2017 के अनुच्छेद 14(1),14(2) से अवगत कराया गया।

अध्ययन केन्द्रों तथा छात्र सहायता प्रकोष्ठ के संदर्भ में निम्नवत कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने का निर्णय लिया गया हैं:–

1– क्षेत्रीय सेवा निदेशालय को सम्बन्धित सभी ऑकड़ों के संयोजन व एकीकरण हेतु मास्टर टैम्पॅलेट बनाया जायेगा।

(डॉ0 शालिनी चौधरी, डॉ0 गोपाल दत्त कार्यवाही सुनिश्चित करेंगें।)

2– क्षेत्रीय सेवायें निदेशालय का वेब पेज निर्मित किया जायेगा। इसकी संरचना व स्वरूप समिति के सदस्य निर्धारित करेंगें।

(समस्त सदस्य कार्यवाही सुनिश्चित करेंगें।)

3– प्रत्येक अध्ययन केन्द्र का डाटा वेब पेज में निर्धारित स्वरूप में उपलब्ध कराया जायेगा।

(डॉ0 गोपाल दत्त स्टडी सैंटर प्रोफाइल सम्बन्धी कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगें।)

4– अध्ययन केन्द्रों का परीक्षण, सम्बद्धता, और वर्गीकरण सम्बन्धी प्रक्रिया तत्काल आरम्भ की जायेगी और वैध अध्ययन केन्द्रों की की सूची कुलपतिजी के अनुमोदनार्थ पत्रावली में प्रेषित की जायेगी।

5– प्रत्येक अध्ययन केन्द की पत्रावली, चैकलिस्ट के साथ व्यवस्थित की जायेगी।

6– वित्तीय प्रकरणों का प्रबन्धत, भुगतान आदि सम्बन्धी प्रस्तावों का परीक्षण करने के उपरान्त ही पत्रावली अग्रिम कार्यवाही के लिये प्रेषित की जायेगी।

(डॉ0 शालिनी चौधरी, डॉ0 मोहम्मद अकरम कार्यवाही सुनिश्चित करेंगें।)

7– क्षेत्रीय सेवा निदेशालय से सम्बन्धित समस्त पत्रावलियों के रखरखाव पत्राचार, सूचना का अधिकार एवं अन्य लिपिकीय कार्यों का उत्तरदायित्व क्षेत्रीय सेवा निदेशालय के कार्यालयीय कार्मिकों का होगा।

(श्री फिरोज खान एवं श्री हर्षवर्धन लोहनी कार्यवाही सुनिश्चित करेंगें।)

8– वेबसाईट में अपलोड की जाने वाली सूचना हेतु पूर्व में अनुमोदन लिया जाना तथा अपलोड हेतु लॉग रजिस्टर रखा जाना अनिवार्य होगा।

9–पत्रावलियों का संचालन निम्नक्रम में सुनिश्चित किया जायेगा :–

पटल सहायक––समन्वयक डेटा––सहायक निदेशक––निदेशक । कोई भी पत्रावली सीधे उच्च स्तर पर प्रेषित नहीं की जायेगी।

(श्री फिरोज खान एवं श्री हर्षवर्धन लोहनी कार्यवाही सुनिश्चित करेंगें।)

अन्त में सभी सदस्यों को आभार व्यक्त करने के साथ बैठक सम्पन्न हुई ।

श्री हर्षवर्धन लोहनी
(लेखाकार)

श्री फिरोज खॅा
(कनिष्ठ सहायक)

डॉ0 घनश्याम जोशी
(समन्वयक)

डॉ0 गोपाल दत्त
(समन्वयक)

डॉ0 शालिनी चौधरी
(सहायक निदेशक)

डॉ0 मोहम्मद अकरम
(सहायक निदेशक)

प्रोफेसर गिरिजा पाण्डे
(निदेशक, निदेशालय, क्षेत्रीय सेवायें)

अवलोकनार्थ एंव अनुमोदनार्थः–

कुलपति
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय